Recommendaiion.s of the Business Advisory Committee

THE DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, I have to inform you that the Business Advisory Committee at its meeting held on Thursday, the 18th May, 1995 allotted time for Government Legislative Business as follows:—

Business	Time Allotted
1. Consideration and return of the following Bills :–	
(a) The Appropriation (No. 2) Bill, 1995 as passed by the Lok Sabha.	
(b) The Finance Bill, 1995, after it is passed by the Lok Sabha .	3 Hours
—both the Bills to be discussed together.	
2. Consideration and passing of the following Bills :–	
(a) The Delhi Rent Bill, 1994	2 Hours
(b) The Wakf Bill, 1993	2 Hours
(c) The Criminal Law Amendment Bill, 1995.	3 Hours

The Committee recommended that the Patents (Amendment) Bill, 1995 would be taken up for consideration on Tuesday, the 30th May, 1995 and voting on that Bill would take place W Wednesday, the 31st May, 1995.

STATEMENT

REGARDING GOVT. BUSINESS

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MATANG SINH) Madam, with your permission, I rise to announce that the Government Business during the week commencing 22nd May, 1995 will consist of:—

1. Consideration and return oi the following Bills as passed fry Lok Sabha;.

(.a) The Appropriation (No. (2) ' Bill,' 1995.

(by The Finance Bill, 1995.

Consideration and passing of the Patents (Amendment) Bill, 1995, as passed by the Lok Sabha. 3. Consideration and passing of:-

(a) The Delhi Rent Bill, 1994

(b) The Wakf Bill, 1993.

(c) The Criminal Law (Amendment) Bill, 1995.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now, Prof. Vijay Kumar Malhotra.

RE, SUPREME COURTS JUDGEMENT REGARDING COMMON CIVIL CODE IN THE COUNTRY

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा (दिल्ली) : उपसभापति महोदया, चार पीड़ित महिलाओं की याचिकाओं पर अभी सुप्रीम कोर्ट ने जो एतिहासिक लैंडमार्क हिस्टोरिक जजमेंट दिया है और उसका देश भर में बहुत स्वागत हुआ है। इस जजमेंट के दो भाग हैं। एक भाग तो यह है कि पहली पत्नी के जिन्दा रहते बिना उससे तलाक लिए यदि कोई व्यक्ति मुस्लिम धर्म अस्वीकार करले और दूसरा विवाह करले तो उस विवाह को सुप्रीम कोर्ट ने अवैध करार दिया है और यह कहा है कि आई०पी०सी०—494 के तहत उसे दंडित किया जा सकता है, जिसकी सजा 7 वर्ष तक होगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ का यह नाजायज फायदा उठाकर पिछले

कई सालों में हजारों नहीं लाखों लोगों ने दुसरा विवाह करने के लिए मुस्लिम धर्म अख्तियार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस बहुत ही अनुचित और घिनौनी प्रवृत्ति पर लगाम लगाई है। यह बहुत ही अच्छा कदम उन्होंने उठाया है। इसका दूसरा भाग यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि कंस्टीट्यूशन के आर्टिकल 44 को लागू करने के लिए देश में कॉमन सिविल कोड बनाया जाएगा। इसमें चार तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। एक तो यह कहा जा रहा है कि क्या सरकार इसका सहारा ले सकती हैं कि आर्टिकल 44 बाईंडिंग नहीं है गवर्नमेंट पर ?

It is not enforceable by law.

दूसरा यह कहा जा रहा है कि ज्यूडिशियल ट्रेसपास आन पार्लियामेंट्स ज्यूरिसडिक्शन। तीसरा यह कहा जा रहा है कि अभी समय नहीं आया है। टाइम आएगा तो इसको लागू किया जाएगा।

Article 44 of the Constitution reads: "The State shall endeavour to secure for the citizens a uniform civil code throughout the territory of India."

जिस आर्टिकल 37 के बारे में कहा जा रहा है इसमें जरूर यह लिखा हुआ है कि

"The provisions contained in this part shall not be enforceable by any court but the principles therein laid down are, nevertheless, fundamental in the governance of the country and it shall fee the duty of the State to apply these principles in making laws."

इसका अर्थ यह है कि आर्टिकल 43 स्ट्रिक्टली ऐनफोर्सेबल बाय ला न हो परंतु इस संबंध में कानून बनाना सरकार का कर्तव्य है और संविधान को यह पूरा करना है। मिस्टर जस्टिस मैथ्यू ने केशवानन्द भारती केस में यह बात कही थी।

"The moral rights embodied in Part IV of the Constitution are equally as essential a feature *of* the Indian Constitution as of Part III which deals with the fundamental rights, the only difference being that moral rights are not sufficiently emforceabie against the State by a citizen *m* a court of law in case *the* State fails to implement this duty. But, nevertheless, they are fundamental in the governance of the country and all the organs of the State including the judiciary are bound to enforce these directives,"

तो जस्टिस मैथ्यू के मुताबिक इस बात का सहारा नहीं लिया जा सकता कि कोर्ट इसको ऐनफोर्स नहीं कर सकता और इसलिए सरकार को इसमें कोई कदम उठाने की जरूरत नहीं। इसके अतिरिक्त यह कहना कि न्यायालय ने पार्लियामेंट के काम में दखलंदाजी की है, मैं समझता हूं कि सब जानते हैं कि कानून बनाना इस पार्लियामेंट का काम है परंतु अगर पार्लियामेंट यह काम न करे, अपने डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स को लागू करने के लिए कानून न बनाए, यदि वह वोट बैंक की राजनीति करती रहे और अपने फर्ज से चूक जाए तो क्या उसकी आलोचना नहीं की जानी चाहिए ? सुप्रीम कोर्ट ने यही काम किया। जस्टिस कुलदीप सिंह ने कहा है—

"It appears even 41 years thereafter, the rulers of the day are not in a mood to retrieve article 44 from the cold storage where it is lying since 1949."

"It is also a matter of regret that article 44 of our Constitution has re-mained a dead letter."

चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ ने दस साल पहले एक जजमेंट में यह कहा था—

1954 में जब हिन्दु कोड बिल पास हुआ तो नेहरू जी ने यह कहा था कि अभी तो यह 86 परसेंट पापुलेशन के लिए कानून बना है, बाकियों के लिए भी थोड़े

दिनों में एक कामन सिविल कोड बन जाएगा पर ये थोड़ दिन खत्म होने में नहीं आते। स्थिति बदतर से बदतर होती जा रही है।

शाह बानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रोग्रेसिव जजमेंट दिया था परन्तु उसे ऐनल करने के लिए सोशल पोलिटिकल डिस्क्रीशन के नाम पर हमने एक मुस्लिम वीमेन ऐक्ट बना दिया जब तक हम महिलाओं के मानवाधिकारों के साथ इस तरह से खिलवाड़ करते रहें। जो लोग यह कहते हैं कि संविधान धार्मिक विश्वासों से ऊपर नहीं हो सकता और कामन सिविल कोड नहीं बनना चाहिए, उनको डा० अम्बेडकर ने जो कांस्टीट्यूएंट असेम्बली आफ इंडिया में जब बहस हुई तो उनके शब्द मैं आपके सामने रखना चाहता हूं।

"My friend Mr. Hussain Imam in rising to support the amendments asked whether it was possible and desirable to have a uniform code of law for a country so vast as this. Now I must confess that I was very much surprised at that statement for the simple reason that we have, in this country, a uniform code of law covering almost every aspect of human relationship. We have a uniform and complete criminal code operating

throughout the country which is contained in the penal code and criminal procedure code. We have the law of transfer of property which deals with property relations and it is operated throughout the country. Then there is the Negotiable Instruments Act and I can cite innumerable enactments "which would prove that this country has practically a civil code, uniform in its content and applicability in the whole of the country-The only problem the civil law is not able to invade so far is marriage and succession are concerned. It is this little corner which we have not been able to invade so far and it is the intention of those who desire to have article 35, now article 44, ea part of the Constitution to bring about that change. Therefore, (Time bed)..

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: मैं कहना चाहता हूं कि . . .

उपसभापति: मल्होत्रा जी और भी हैं।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सारी दुनिया में, सारे देशों में वहां के मुसलमान अगर कामन सिविल कोड के अंदर रह सकते हैं तो यहां क्यों नहीं रह सकते? हमें रिचुअल और राइट्स में फर्क करना चाहिए। हमारे रिचुअल गवर्न होते हैं हमारे धार्मिक विश्वासों से और हमारे राइट्स गवर्न होते हैं हमारे कांस्टिट्यूशन से। हिन्दू धर्म से रिचुअल गए थे। यहां पर सती प्रथा, बाल विवाह, विधवा विवाह निषेध, पर्दा प्रथा, बहुविवाह, यह सब गलत थे और इनको हटा दिया गया। लेकिन जहां हमारे राइट्स का सवाल है वह कांस्टिट्यूशन से गवर्न होते हैं। यह कहना कि जब तक मुसलमान तैयार नहीं हो जाते तब तक कामन सिविल कोड नहीं बनेगा, यह तो 11 प्रतिशत लोगों को वीटो पावर देना है, हिन्दुस्तान के अंदर महिलाओं के साथ अत्याचार को जारी रखना है। इसलिए किसी के हाथ में वीटो पावर देने की जरूरत नहीं है। यहां पर एक कामन सिविल कोड बनाने की जरूरत

गवंनमेंट को इसके न करने के लिए ऐसी बातों का सहारा नहीं लेना चाहिए।

उपसभापति : मल्होत्रा जी, कृपा करके दूसरे लोगों को भी बोलने दीजिए आज खत्म करना है।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : मैं कन्क्लूड कर रहा हूं।

यहां पर एक कामन सिविल कोड होना चाहिए। मैं क्लियर करना चाहता हूं कि हिन्दु सिविल कोड, मुस्लिम सिविल कोड और क्रिश्चियन सिविल कोड इन सब में जो भी महिलाओं के साथ अन्याय करने वाली चीजें हैं उन सब को निकाल देना चाहिए और जो महिलाओं के फंडामेंटल राइटस हैं उनके सक्सेशन के लिए एक कामन सिविल कोड बनाया जाए। क्वालिटी आफ ला आर टु लिव विद डिगनिटी, इन दो बातों को ध्यान में रखकर जो कांस्टिट्यूशन से गवर्न होती है, उसको बनाया जाए। वोट बैंक की राजनीति करते हुए अब इसको टाला न जाय। मैं आशा करता हूं कि सरकार इस बार कम से कम वोट बैंक की राजनीति को छोड़कर यूनिफार्म सिविल कोड बनाए, जिसका डाइरेक्शन सुप्रीम कोर्ट ने दिया है, इसको जल्दी से जल्दी लागू करे। धन्यवाद।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have some other names also... *(Interruptions)* ... I do not have your name.

आप का नाम बाद में है।

SHRI CHIMANBHAI MEHTA: (Gujarat): I am telling you what has occurred. The Chairman has permitted me and he told the Secretary-General that Mr. Mehta would associate. It is not for Sar. dar Sarovar... *(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN; No, no, your name is there... *(Interruptions)* ... Your name is there on this bat it is much later.

SHRI CHIMANBHAI MEHTA: I talked to him. He said, "Mr. Mehta will associate.'

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Mehta, your name is there. You can associate yourself. But, before you four Members are there... (Interruptions) ... Your name is there for Sardar Sarovar also. You can speak on that also. But, in the case of association, I have Mr. Janeshwar Misra's name first.

SHRI S. JAIPAL, REDDY (Andhra Pradesh): "We could vary the procedure for this particular occasion. He spoke in *extenso* and some of us would like to express our views, not necessarily by way of association. We have our divergent viewpoints. Why don't you go by parties?

THE DEPUTY CHAIRMAN: If the House so agrees, I have no problem... *(Interruptions)*... Your name is first.

SHRI S. JAIPAL REDDY: I suggested this for your consideration.

THE DEPUTY CHAIRMAN: If the Members agree. Jaipalji, I will give you enough time. Now, let Mr. Janeshwar Misra speak.

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश) : मैडम, सर्वोच्च न्यायालय ने एक मुकदमे को लेकर जो व्यवस्था दी है उससे एक अजीब संकट की स्थिति पैदा हो गई है। संविधान में दो तरह की धारायें हैं। एक नीति निदेशक तत्वों के धारा और दूसरी मूल अधिकारों की धारा। धारा 44 नीति निदेशक तत्वों की है। संविधान की धारायें 26 से लेकर 29-30 तक मूल अधिकारों की धाराओं में आती हैं। इनमें अल्पसंख्यों को अपने धर्म के मुताबिक आचरण करने और उसके मुताबिक जो बने हुए उनके कानून हैं, शरीयत हैं, उनका पालन करने की उनको पूर्ण स्वतंत्रता है। मूल अधिकार पर नीति निर्देशक तत्व का

जनेश्वर मिश्र

अतिक्रमण हो सकता है या नहीं ? यह सदन में जरूर गौर करना चाहिए। दूसरी बात जो सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय... **(व्यवधान)**

SHRI JAGDISH PRASAD MA. THUR (Uttar Pradesh). Are you converting it into a discussion.

THE DEPUTY CHAIRMAN; No, these are associations.

SHRI JAGDISH PRASAD MATH-UR: Association does not mean that it is a debate. Association means you agree or disagree.

मौलाना अब्दुल्ला खान आजमी: (उत्तर प्रदेश) : यह बहुत सेंसिटिव मामला है, इस पर पूरा डिबेट होना चाहिए **(व्यवधान)**

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Ka rnataka): Don't justify. Are you assoaiating in one sentence? Do not go on changing your view.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. *(Interruptions)* I will allow you, Mr. Jaipal Reddy.

SHRI CHIMANBHAI MEHTA; It it an association or a Special Mention at the moment? I do not know what is going on?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Everybody

मौलाना अब्दुल्ला खान आजमी : इस पर पूरा डिबेट होना चाहिए (व्यवधान)

SHRI S. JAIPAL REDDY It is an extension of Zero Hour.

श्री जनेश्वर मिश्र : महोदया, मैंने नाम दिया ही था अपनी भावनाओं को... **(व्यवधान)**

has a right to express.

SHRI CHIMANBHAI MEHTA: I am not opposed to it.

उपसभापति : यह ध्यान रखें कि एक बजे से पहले खत्म करना पड़ेगा। **(व्यवधान)**

श्री जनेश्वर मिश्र : मैं कोई बात कह ही नहीं पा रहा हूं **(व्यवधान)**

उपसभापति : आप कहिये, आपको कोई डिस्टर्ब नहीं कर रहा है।

Please sit down.
आप कृप्या बैठ जाइये।

श्री जनेश्वर मिश्र : महोदया, सर्वोच्च न्यायालय ने हमारे प्रधानमंत्री को एक अपील किया है कि वह संविधान में संशोधन कर के, मैं जानबूझ कर के अपने भाजपा के मित्रों में कहना चाहता हूं, वे लोग सुन नहीं रहे हैं, माथुर साहब आप सुनिये, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के प्रधानमंत्री से अपील किया है कि वे संविधान की धारा 44 के मुताबिक समान आचार संहिता लागू करने के लिए कानून बनाएं। यह प्रधानमंत्री कौन हुआ करते हैं कानून की भाषा में, विधान की भाषा में ? धारा 44 में स्टेट शब्द का इस्तेमाल हुं। स्टेट को प्रधानमंत्री रिप्रेजेंट नहीं करता, उसको राष्ट्रपति रिप्रेजेंट कर सकते हैं, उसको सेक्रेटेरियेट का कोई अधिकारी, केबीनेट सेक्रेटरी वगैरह रिप्रेजेंट कर सकता हैं, प्रधान मंत्री कहां से आया ? प्रधानमंत्री संसद् का नेता हुआ करता है और उस नेता को सलाह देने या अपील करने का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को होगा या नहीं ? वह अपने अधिकार का अतिक्रमण करेगा, इस बात की इजाजत नहीं दी जा सकती। यह बहुत बुरा हो जाएगा। जिस तरह से उन्होंने कहा है, जजमेंट जिसको प्रो० मल्होत्रा पढ़ रहे थे, मैंने भी उसको पढ़ा है, हम को लग रहा था कि*

*टू नेशंस, थ्री नेशंस... **(व्यवधान)**

उपसभापति : नहीं, नहीं, प्लीज़। मैं आपको एक बात बताऊं। हमारे हाऊस के अन्दर हमने यह नीति रखी है कि जहां

हम यह नहीं चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करें, उनकी किसी जजमेंट पर या उनके किसी मामले में दखल दें, हम यह नहीं चाहते हैं कि वह हमारे किसी मामले में दखल दें। बस यही लकीर है। (व्यवधान)

श्री जनेश्वर मिश्र : मैडम, हमारी मदद करें। अगर सर्वोच्च न्यायालय के जज का जजमेंट पब्लिक डाकुमेंट हो गया और उससे समाज की व्यवस्था के बारे में कोई इधर-उधर के कानून बनने लगें या विवाद खिंचने लगें तो क्या हम सदन में बहस नहीं कर सकते? पब्लिक डाकुमेंट इट इज।

उपसभापति : मगर आप जज के ऊपर कह रहे हैं (व्यवधान)

श्री जनेश्वर मिश्र : जज के ऊपर मैं कह ही नहीं रहा हूं। जजमेंट जो लिखा है, टू नेशंस, थ्री नेशंस की थ्योरी जिन लोगों ने... (व्यवधान)

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा : डा० अम्बेडकर भी क्या बी.जे.पी. के थे (व्यवधान)

उपसभापति : अभी आप बैठिए, बहस नहीं करिये (व्यवधान)

श्री जनेश्वर मिश्र : उन्होंने अपने उस जजमेंट में लिखा है कि हिन्दुस्तान में टू नेशंस, थ्री नेशंस थ्योरी चला करेगी। कौन कहता है कि हिन्दुस्तान में टू नेशंस, थ्री नेशंस थ्योरी चल रही है? इस तरह की कलम चलाने की अगर आजादी दे दी गई, तो उसका अतिक्रमण नहीं होना चाहिए, यह मैं कह रहा हूं। वह अतिक्रमण अगर कोई भी करेगा, चाहे वह पार्लियामेंट का मेम्बर हो, चाहे ज्यूडिशियरी का मेम्बर हो या अफसरशाही का मेम्बर हो, इस बात की इजाजत नहीं दी जा सकती है। सदन में इस पर बहस होगी.. (व्यवधान)

SHRI JAGMOHAN (Nominated): Madam, I am on a point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN: What is your point of order?

SHRI JAGMOHAN; I would request you. Kindly give a ruling on it. The question is whether any political aspersions can be cast on the judges giving....

He said it. *{Interruptions)* How can he

श्री जनेश्वर मिश्र : मैडम...

SHRI JAGMOHAN: He said that* *(Interruptions)*

श्री जनेश्वर मिश्र : मैडम, मैंने यह नहीं कहा ... *(Interruptions)*

say that? *(.Interruptions)*

श्री जनेश्वर मिश्र : मैडम मैंने यह नहीं कहा .....

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal). He said: 'the judgment appears to be *(Interruptions)*

श्री जनेश्वर मिश्र : मैंने यह कहा ही नहीं। मैंने कहा कि जो जजमेंट पढ़ा हमको लगा कि *इसका कतई मतलब नहीं है कि उस जज के खिलाफ मैं क रहा हूं ... (व्यवधान)

SHRI JAGDISH PRASAD MA. THUR; What is it? What does it mean? *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Anyway I will look into the record.

श्री जनेश्वर मिश्र : हमने जज के खिलाफ कुछ नहीं कहा।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा :* तो बहुत अच्छी बात है।

उपसभापति : एक मिनट।

यहां अगर किसी को अपनी राय रखनी है तो हम एक पैरामीटर में रखते हैं। आपको अपनी राय रखने का अख्तियार है, दूसरों को भी अपनी राय रखने का अख्तियार है। मगर मैंने आपसे पहले कहा कि हम कभी किसी कोर्ट के

*Expunged as ordered by the Chair.

उपसभापति :

फैसले या किसी जज के बारे में या किसी दूसरे व्यक्ति के बारे में जो इस हाउस में आकर क्लरीफिकेशन नहीं दे सकता, नहीं बोलते हैं। आपकी जो राय है कि इस तरह होना चाहिए, यह नहीं होना चाहिए, वह कहिए। पर व्यक्तिगत रूप से किसी के बारे में कृपया नहीं कहिए। फिर भी मैं हाउस को एश्योर करती हूं। मैं रिकार्ड देखूंगी और जो भी हमारे नार्म्स होंगे तो it is up to me to see what I should do.

मगर कृपया आप थोड़ा ध्यान रखिए। खुद ही वैसा न बोलिए।

श्री जनेश्वर मिश्र : तो उस जजमेंट में भारत के प्रधान मंत्री से अपील की गई है कि वे संविधान में संशोधन करें। भारत का प्रधान मंत्री संसद का नेता होता है। कल को मान लीजिए कि इस अपील के मुताबिक पार्लियामेंट में समान आचार संहिता के लिए हम लोग कोई वैधानिक प्रावधान कर दें, संविधान संशोधन कर दें और कोई एग्रीव्ड पार्टी सुप्रीम कोर्ट में जाकर अपील करे तो सर्वोच्च न्यायालय की यह जो अपील है प्रधान मंत्री के नाम वह अपील करने में किसी एग्रीव्ड पार्टी को अल्पसंख्यक को या किसी को भी एक बाधा पहुंचाएगी कि जज ने यह अपील की है इसलिए आप अपील नहीं कर सकते हैं। इसलिए जुडीशियरी को संसद के मामले में दखल नहीं देना चाहिए। प्रधान मंत्री से अपील नहीं करनी चाहिए। यह गलत काम हुआ है। यह मैं कहना चाहता हूं। यह अपील सरकार से कर सकते हैं, राज्य से कर सकते हैं। प्रधान मंत्री का नाम सीधे नहीं लेना चाहिए। कोई भी प्रधान मंत्री हो। कोई भी जज बैठेगा, कहीं भी कोई भी मुकदमा आएगा, इस तरह से सीधे अपील होने लगेंगी जुडीशियरी से तो वह एक खतरनाक परम्परा बन जाएगी। मैं इसकी तरफ इशारा करना चाहता हूं। मैं यह नहीं कहता हूं कि हिंदुस्तान में समान आचार संहिता न बने। लेकिन हिंदुस्तान के अल्पसंख्यकों के दिलों पर चक्की रगड़कर नहीं बन सकती है। अगर वे खुशी से चाहें, आपकी तरह अपने धर्म के रीति रिवाज मान लें या आप खुशी से चाहें कि उनके रीति रिवाज के मुताबिक अपने धर्म का परिवर्तन कर लें। एक तरह का रीति रिवाज हो जाए सबका फिर मेरे जैसे आदमी को बहुत खुशी होगी। लेकिन जोर जबर्दस्ती न की जाए क्योंकि उनकी तादाद कम है। संविधान में हमने मूल अधिकार में गारंटी दी है अगर तादाद कम हैं तो जोर जबर्दस्ती आपके रीति रिवाज और धर्म के जो कानून हैं उन पर कोई भी हम अपनी तरफ से दबाव नहीं डालेंगे। इस आश्वासन को जिस संविधान ने दिया है हमने उसकी कई बार कसम खाई है। उस संविधान के इस आश्वासन का, जो मूल अधिकारों में लिखा हुआ है, हमें पालन करना चाहिए।

मित्रों से मैं कहूंगा कि यह नारी का सवाल है। नारी हिंदुस्तान में और सब जगह सताई जाती है। ऐसा नहीं है कि हिंदु नारी नहीं सताई जाती है। जिस हिंदु कोड बिल की बात आप कर रहे हैं, पंडित नेहरू के जमाने की—पंडित नेहरू को मजबूर होकर इस पार्लियामेंट से वह हिंदु कोड बिल वापस लेना पड़ा था। वे ही मित्र जो समान आचार संहिता की बात कर रहे हैं वे हिंदुस्तान भर में आंदोलन चला रहे थे नेहरू साहब के उस हिंदु कोड बिल के खिलाफ जिसमें महिलाओं को ज्यादा अधिकार दिया गया था। आज फिर वे ही लोग नेहरू साहब के हिंदु कोड बिल का हवाला देकर हिंदुस्तान की नारी को सताने के लिए जो कई प्रक्रियाएं हुआ करती हैं वे कर रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि नारी सताई जाएं। लेकिन उसके साथ-साथ मैं यह भी नहीं चाहता कि अल्पसंख्यक सताएं जाएं। दोनों की बारीकियों को समझते हुए कोई वैधानिक प्रक्रिया निकालनी चाहिए। इसमें जबर्दस्ती जुडीशियरी को नहीं फंसना चाहिए। उसे अपील नहीं करनी चाहिए। केस टू केस फैसला करे। उस पर मैं बहस

नहीं करता। लेकिन वे सीधे प्रधान मंत्री और पार्लियमेंट से अपील करने लगें, इस बात का अधिकार जुडीशियरी को नहीं दिया जाना चाहिए। यह कड़ी भाषा मैं बोल रहा हूं और जानबूझकर बोल रहा हूं। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस पर जल्दबाजी नहीं, एक पूरी बहस होनी चाहिए। इस सवाल पर एक खुल करके बहस होनी चाहिए। हम खुद बहस करना चाहते हैं और उस बहस में क्योंकि हम जानते हैं, मैडम, एक मिनट में मैं कह देना चाहता हूं। जो कुछ भी चरार-ए-शरीफ में हुआ है हिन्दुस्तान के जो अल्पसंख्यक उनके दिल में एक दहशत है। जो कुछ भी सर्वोच्च न्यायालय से अपील आ रही हैं उनके दिल में दहशत हो रही है। दहशत पर दहशत, परत पर परत पड़ती चली जाएगी तो इस मुल्क को संभालना मुश्किल हो जाएगा। यह बात कहते हुए मैं अपने भा.ज.पा. के मित्रों से अपील करूंगा कि थोड़ा आग्रह नहीं जो लोग सताए गए हैं, उनको सहलाते हुए, मुलायम भाषा में, आंख दिखा करके नहीं, दबा करके इस देश को नहीं चलाया जा सकता है। अगर आंख दिखा करके चाहे वह अदालत हो, चाहे वह चरार-ए-शरीफ में बाहर से आने वाले दंगाई हों जो जला कर चले जाएं या जो कोई हो, दिलों को लगातार चोट लगती चली जाएगी तो आखिर में वह दिल टूट जाया करते हैं, और वह कौम टूट जाया करती है। मैं भा.ज.पा. के मित्रों से चाहूंगा कि वे कौम टूटने के लिए अपनी भाषा को थोड़ा कटु बनाने की बजाय मधुर बनाने का प्रयास करें।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा : सुप्रीम कोर्ट की जजमेंट... (**व्यवधान**)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let us not have an argument here, please.

सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : डिप्टी चेयरमैन साहिबा, बहुत दिनों से ऐसे मामलात वक्तन-फवक्तन उठाए जाते रहे हैं और आज फिर एक राजनीतिक हथियार जो अल्पसंख्यकों और अकल्लियतों के खिलाफ मुख्तलिफ मौकों पर इस्तेमाल होता रहा है सुप्रीम कोर्ट की जजमेंट को लेकर उसकी पुनरावृत्ति हो रही है और फिर उसी तरह की बात की जा रही है। ऐसा लगता है जैसे फाजिल हमारे मुकर्रर ने जो अभी कहा कि सारी जो तकलीफें हैं या परेशानियां हैं वे मुस्लिम पर्सनल ला की वजह से देश के अन्दर है। मैं समझता हूं कि ऐसी बात नहीं है। यह बात गुमराह करने की है। बस एक-दो सवाल बार-बार उठते हैं कि चार शादियां और तलाक। मैं समझता हूं कि अगर उसके आस्पैक्ट में आप प्रैक्टिकल देखें, तो आज शायद ही कोई मुसलमान ऐसे होते हों, जो चार शादियों की बात करते हों, या उनकी चार बीवियां हों। आजकल के इस दौर में एक बीवी को तो संभालना मुश्किल हो रहा है। तो इस प्रकार की बात करके मैं समझता हूं कि उससे कटुता बढ़ती है। यह जो चार शादियों की बात बार-बार कही जाती है, यह कोई ऐसा नहीं है, पोलीगैमी की तो हमेशा इस्लाम ने मजम्मत की है, हर मौके के ऊपर और यह तो एक उस दौर के अन्दर जब शादियों की कोई लिमिट नहीं थी, एक ऐसी लाइन खींच दी गई कि इसके आगे नहीं जाया जा सकता। मैं एक बात कहना चाहूंगा कि भारत के मुसलमानों के अन्दर बहुत बड़ी तब्दीली आई है, सन् 1947 के बाद बहुत सारी चीजें जो आप कहते हैं कि बहुत फंडामेंटलिज्म की तरफ जाते हैं, उनमें भी बहुत सी तब्दीलियां आई हैं। लेकिन दोष किसका है जो एकदम से तब्दीली की तरफ यह पूरी कम्यूनटी जा रही होती है और वह रुक जाती है, इसका दोष किसकी तरफ है? मैं बड़े अदब के साथ कहना चाहूंगा, इसका दोष उन लोगों की तरफ है, जिन्होंने इसको एक मुद्दा बनाने की फिर कोशिश की है, इसका दोष उन लोगों की तरफ है, जो इस देश के अन्दर एक तरफ तो जो विश्वास पनपा है, लोकतन्त्र के अन्दर, संविधान के अन्दर, जुडिशियरी के अन्दर अकल्लियतों का खास तौर पर मुसलमानों एक वह वक्तन-

[सैयद सिब्ते रज़ी]

बाक्फ़ात ऐसे हादसात पेश आ जाते हैं कि फिर जैसा जनेश्वर जी ने कहा, डर की भावना, अनिश्चितता की भावना और एक ऐसी भावना कि कहीं हम खत्म न हो जाएं, हमारा कल्चर न खत्म हो जाए, हमारी तहज़ीब न खत्म हो जाए। अब 6 दिसम्बर, 1992 का जो हादसा इस देश में हुआ है वह इस बात की तरफ फिर इशारा करता है कि इस मुल्क के अन्दर कुछ ऐसी ताकत काम कर रही हैं, जो दबाव डाल कर अपनी संख्या का गलत फायदा उठा कर इस माधाशरे के अन्दर, इस सोसायटी के अन्दर जो भी तबदीली आनी चाहिये, उसको रोक देना चाहती हैं।

मैं बड़े अदब के साथ कहना चाहूंगा कि अभी-अभी एक हमारे भारतीय जनता पार्टी के बड़े मुख्य नेता हैं और जिनको हम समझते थे कि वह बड़े रिफार्मिस्ट नेता है और इस देश के अन्दर कुछ आशा भरी निगाहें भी उनकी तरफ जाती है कि वह प्रतिक्रियावादी जो एक पार्टी बनी हुई है, उससे कुछ अलग उनकी सोच है, लेकिन उन्होंने जिस तरह का आर्टिकल लिखा है, आपने "आर्गेनाइज़र" में देखा होगा, मैं उसका तज़करा नहीं करना चाहता हूं।... (व्यवधान)

SHRI S. JAIPAL REDDY: I must say in all fairness to Vajpayeejee that he has denied it on the floor of the House and outside.

सैयद सिब्ते रज़ी : मैंने तो नाम लिया भी नहीं और अगर उन्होंने डिनाइड किया है तो मैं उसका स्वागत करता हूं।

लेकिन यह आर्टिकल छपा है, वह छपा है "आर्गेनाइज़र" में। वाजपेयी जी ने नहीं लिखा होगा, तो किसी और ने लिखा होगा।

उपसभापति : आप उसको छोड़ दीजिये।

श्री के० आर० मलकानी (दिल्ली) : वह आर्टिकल सही नहीं था। उसका कांट्रेडिक्शन उन्होंने किया था। अटल जी ने कहा था कि यह गलत लिखा है। तो वह लेख नहीं था, नहीं था।

सैयद सिब्ते रज़ी : लेख तो है आर्गेनाइज़र में, लेकिन उनके नाम से नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि वह उस जेहनियत की तरफ इशारा करता है, जिसमें कि तरह-तरह की बातें कही गयी हैं और अगर यह रिफार्म करना है, तो यह रिफार्म आना चाहिये उन लोगों के अन्दर से। इस तरह से दबाव डालकर कि ऐसा करना होगा, तो ऐसा करना होगा और हमारी जो एक राष्ट्रीय संस्कृति है, उसमें मिलना होगा। कौन कहता है कि मुसलमान राष्ट्रीय संस्कृति से अलग हैं? यह कहना कि कोई ऐसा मौका आएगा कि काबे में, इस्लाम में, और भारत में चुनना होगा तो मुसलमानों को भारत को ही चुनना होगा। अब सवाल यह है कि इस्लाम का, काबा-ए-शरीफ और भारत का कोई ऐसा पारस्परिक जह नहीं बनता है, जिसमें कि चुनाव करने की बात हो। चुनाव करने का सवाल ही क्या होता है? भारत हमारा वतन है, इस्लाम हमारा मजहब है और काबा हमारा किबला है, जिसकी तरफ कि सारी दुनिया के मुसलमान रोज 5 बार नमाज पढ़ते हैं। यह कि हमारा इस्लामिक फर्ज है, तरीका है और उसे कौन रोकना चाहता है? महोदय, हमें भारत के अन्दर जितनी मूर्ति पूजा होती है, इस आर्टिकल के अन्दर कहा गया कि हम दरियाओं की पूजा करते हैं, हम समुद्र की पूजा करते हैं, हम सूरज की पूजा करते हैं, हम चांद की पूजा करते हैं, हम वृक्ष की पूजा करते हैं, हम सांप की पूजा करते हैं और यहां रहने वाले मुसलमानों को इन आराधनाओं में से एक आराधना चुननी होगी। यदि यह जज्बा है, यदि यह सोचने का ढंग है तो मैं समझता हूं कि जो भी मुसलमान सोसायटी के अन्दर रिफार्म होने जा रहा है, वह नहीं हो पाएगा। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह रिफार्म का मामला है अन्दर से आना चाहिये...

...(**व्यवधान**)... मैं जो भी कह रहा हूं, वह लिखा-पढ़ी में जो कुछ अखबारों में छपा है, वह कह रहा हूं। मैं उसे उद्धृत नहीं करना चाहता हूं क्योंकि मैं बात को बढ़ाना नहीं चाहता हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस प्रवृत्ति को बदलना होगा। अगर आप चाहते हैं कि मुस्लिम समाज के अन्दर तब्दीली आये और अगर आप चाहते हैं कि बदलते हुए दौर के अन्दर मुसलमान भी पूरा कंट्रीब्यूशन इस देश के अन्दर करे, तो इस सोच को छोड़ना होगा। उपसभापति महोदया, अब पहले तो हमारे यहां लड़कियां पढ़ने नहीं जाती थीं। आज से 50 साल पहले मेरी बहिन मैट्रिकुलेशन इसलिए नहीं कर सकी क्योंकि एक समय के बाद पर्दे का सवाल आ गया और वह स्कूल नहीं जा सकी। लेकिन आज बदलाव आया है। मुसलमानों की हजारों नहीं लाखों लड़कियां यूनिवर्सिटीज में जा रही हैं, पर्दे का जो तरीका था वह बदला है, लोग बाहर आ रहे हैं। तो आप उन्हें अपने साथ जोड़ना चाहते हैं या उन्हें डराकर दूर भगा देना चाहते हैं।

उपसभापति महोदया, बम्बई में जो हुआ, बम्बई में जिस तरह से नारे दिए जा रहे हैं, बंबई में जिस तरह से धमकियां दी जा रही हैं, मैं समझता हूं कि उन चीजों में तब्दीली लानी चाहिए। बम्बई में कहा जा रहा है कि यदि एक नेता के खिलाफ कोई कुछ कह देगा, तो उसके खिलाफ करने वालों पूरी कम्युनिटी बम्बई में ही नहीं, पूरे हिन्दुस्तान में बायकाट कर दी जाएगी। इस तरह की बातों से रिफार्मिस्ट को धक्का पहुंचता है। महोदया, मैं साफ तौर पर कहना चाहूंगा कि 6 दिसम्बर, 1992 को जो वाकया हुआ, उससे हम जैसे लोगों को धक्का पहुंचा है और वह फंडामेंटलिस्ट फोर्सेज जोकि इस्लाम के अन्दर काम कर रही है, उनका सिर उठा है और उन्हें बात करने का ज्यादा मौका मिला। हम जो एक रिफार्म लाना चाहते हैं हम जो एक प्रगतिशीलता की बात करते हैं उस को धक्का लगा है। इसलिये मैं कहना चाहूंगा कि संविधान की रूह से जो कुछ भी है वह होना चाहिये, लेकिन तरीका सही अपनाया जाना चाहिये। ऐसा तरीका अपनाकर कि जहां तलवार लटक रही हो, सिर के ऊपर, किसी को अपनी संस्कृति के खत्म हो जाने का डर हो, किसी को अपने धर्म पर चलने का डर खड़ा हो जाए, तो ऐसी सूरत में कोई रिफार्म नहीं आ सकता। आप बातचीत कीजिए, पर्सनल लॉ बोर्ड के लोगों से बातचीत कीजिए, उनको कनविंस करिए, एक चर्चा चलाइए, पूरे देश में बहस होनी चाहिये, एक लोकतांत्रिक और एक समता से भरा हुआ जिस मान्यता का यह देश है, उन मान्यताओं की सार्वभौमिकता के लिए लाइए।

उपसभापति महोदया, अब मैं यह कहना चाहूंगा कि आप यदि सिविल कोड लाना चाहते हैं, तो मुसलमानों और क्रिश्चियंस की बात क्यों करते हैं? आप एस०सी०/एस०टी० की बात कीजिए। आप हमारे शेड्यूल्ड कास्ट भाइयों की बात कीजिए। इस देश के अन्दर उनके अपने न जाने कितने पर्सनल कानून हैं। आप गांवों में, जंगलों में जाइए, वहां जाकर देखिए, कि उनके कितने पर्सनल कानून हैं? उनकी अपनी पंचायतें हैं, उन के अपने शादी-ब्याह के तरीके हैं, उन के अपने रीति-रिवाज हैं, उनकी अपनी रस्में हैं, उनकी अपनी आस्थाएं हैं। अब अगर आप सिविल कोड लाना चाहते हैं तो लाइए, कॉमन सिविल कोड, लेकिन पूरे देश के लिए लाइए, केवल माइनोरिटीज की बात मत कीजिए। इस जजमेंट के अन्दर भी यही कहा गया है कि क्रिश्चियन के लिए, मुसलमानों के लिए यह इस तरह का आना चाहिए, क्योंकि इधर इनके अन्दर कमजोरियां हैं। यदि आप को इस तरह का कोई लाना है, तो मैं उसका स्वागत करूंगा, लेकिन यह जो पीसेस में संविधान का प्रयोग एक राजनैतिक हथियार की सूरत में होता है, अकलियत के खिलाफ, अल्पसंख्यकों के खिलाफ, एक खास धर्म के खिलाफ, एक खास जाति के खिलाफ तो निश्चित रूप में हम इसका विरोध करेंगे। शुक्रिया।...(**व्यवधान**)...

†[شری سید سبط رضی (اتر پردیش)]: ڈپٹی چیئرمین صاحب۔ بہت دنوں سے ایسے معاملات وقتاً فوقتاً اٹھائے جاتے رہے ہیں اور آج پھر ایک راج نیتک ہتھیار جو الپ سنکھیکوں اور اقلیتوں کے خلاف مختلف موقعوں پر استعمال ہوتا رہا ہے۔ سپریم کورٹ کی ججمینٹ کو لیکر اس کی پنراورتی ہو رہی ہے اور پھر اسی طرح کی بات کی جا رہی ہے۔ ایسا لگتا ہے۔ جیسے ہمارے فاضل مقرر نے جو ابھی کہا کہ ساری جو تکلیفیں ہیں یا پریشانیاں ہیں وہ مسلم پرسنل لاء کی وجہ سے دیش کے اندر ہیں۔ میں سمجھتا ہوں کہ ایسی بات نہیں ہے۔ یہ بات گمراہ کرنے کی ہے بس ایک دو سوال بار بار اٹھتے ہیں کہ چار شادیاں اور طلاق۔ میں سمجھتا ہوں کہ اگر اسے آسپیکٹ میں آپ پریکٹیکل روپ میں جاکر دیکھیں تو آج شاید ہی کوئی مسلمان ایسے ہوتے ہوں جو چار شادیوں کی بات کرتے ہوں یا ان کی چار بیویاں ہوں۔ آج کل کے اس دور میں ایک بیوی کو سنبھالنا مشکل ہو رہا ہے۔ تو اس پر کار کی بات کرکے۔ میں سمجھتا ہوں کہ اس سے کتنا فائدہ ہے۔ یہ جو چار شادیوں کی بات بار بار کہی جاتی ہے یہ کوئی ایسا نہیں ہے۔ یعنی گائی کی تو ہمیشہ اسلام نے مذمت کی ہے ہر موقع کے اوپر اور یہ تو ایک اس دور کے اندر جب شادیوں کی کوئی گنتی نہیں تھی ایک ایسی لائن کھینچ دی گئی کہ اس سے آگے نہیں جایا جا سکتا۔ میں ایک بات کہنا چاہوں گا کہ بھارت کے مسلمانوں کے اندر بہت بڑی تبدیلی آئی ہے۔ سن 1947 کے بعد۔ بہت ساری چیزیں جو آپ کہتے ہیں کہ بہت فنڈامینٹلزم کی طرف جاتے ہیں انمیں بھی بہت سی تبدیلیاں آئی ہیں لیکن دوش کس کا ہے جو ایکدم سے تبدیلی کی طرف یہ مجبوری کمیونٹی جا رہی ہوتی ہے اور وہ رک جاتی ہے۔ اس کا دوش کس کی طرف ہے۔ میں بڑے ادب کے ساتھ کہنا چاہوں گا اس کا دوش ان لوگوں کی طرف ہے جنہوں نے اس کو ایک مدعا بنانے کی پھر کوشش کی ہے۔ ان لوگوں کی طرف ہے اسکا دوش جو اس دیش کے اندر ایک طرف تو جو وشواس پہنچتا ہے لوگ نفرت کے اندر۔ ہندوستان کے اندر۔ جیوڈیشری کے اندر اقلیتوں کا خاص طور پر مسلمانوں کا وقتاً فوقتاً ایسے حادثات پیش آجاتے ہیں کہ پھر

جیسا کہ جنیشور جی نے کہا - ڈر کی بھاونا -
انسکیورٹی کی بھاونا اور ایک ایسی بھاونا
کہ کہیں ہم ختم نہ ہو جائیں - ہمارا کلچر ختم نہ
ہو جائے - ہماری تہذیب ختم نہ ہو
جائے - اب ۶ دسمبر ۱۹۹۲ کا جو حادثہ
دیش میں ہوا ہے وہ اس بات کی طرف
اشارہ کرتا ہے کہ اس ملک کے اندر کچھ
ایسی طاقتیں کام کر رہی ہیں جو دباؤ ڈال
کر اپنی سنکھیا کا غلط فائدہ اٹھا کر اس
معاشرے کے اندر - اس سوسائٹی کے
اندر جو بھی تبدیلی آنی چاہئے تھی اسکو
روک دینا چاہتی ہیں -

میں بڑے ادب کے ساتھ کہنا
چاہوں گا - ابھی ابھی ایک ہمارے بھارتیہ
جنتا پارٹی کے بڑے مکھیہ نیتا ہیں اور
جنکو ہم سمجھتے تھے کہ وہ بڑے ریفارمسٹ
